## सार-समाचार

### ख्वाजा साहब की दरगाह के बाहर होगा 786 तिरंगों का वितरण

**अजमेर( निसं )।** सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की पावन दरगाह के बाहर गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को परंपरागत रूप से 786 तिरंगों का वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार प्रातः 11 बजे आयोजित होगा। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि तिरंगा वितरण का उद्देश्य आमजन में राष्ट्रीय पर्व के प्रति उत्साह जागृत करना, देशभक्ति की भावना को प्रबल करना तथा गणतंत्र दिवस को पूरे उल्लास के साथ मनाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने अजमेर वासियों सहित देश-विदेश से आने वाले जायरीनों से अपील की है कि वे इस राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यक्रम में भाग लेकर तिरंगे का सम्मान करें और राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाएं।

### महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू केंद्र द्वारा गर्म स्वेटर वितरण एवं मासिक बैठक आज

**अजमेर( निसं )।** महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू केंद्र द्वारा जरूरतमंद स्कूली विद्यार्थियों के लिए गरम स्वेटर वितरण कार्यक्रम एवं जनवरी माह की मासिक बैठक का आयोजन सोमवार 26 जनवरी 2026 को किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 9.30 बजे लॉरेंस डे मिडिल स्कूल, संत कंवर राम कॉलोनी, वरुण सागर मार्ग, अजमेर में आयोजित होगा। इस मौके पर लॉरेंस डे मिडिल स्कूल एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय सनाडिया के जरूरतमंद विद्यार्थियों को गरम स्वेटर वितरित किए जाएंगे। इसके उपरांत अजयमेरू केंद्र की मासिक बैठक भी संपन्न होगी। विद्यालय प्रबंधन द्वारा गणतंत्र दिवस के ध्वजारोहण समारोह में महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू एवं पद्मावती केंद्र के पदाधिकारियों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, जो संस्था के सेवा कार्यों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम में पद्मावती केंद्र की नव-चयनित कार्यकारिणी के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे।

### भगवान देवनारायण की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**सरवाड़, (निसं)।** वीर गुर्जर युवा मंडल के तत्वावधान में सांपला गेट स्थित श्री देवनारायण मंदिर में भगवान देवनारायण की 1114 वीं जयंती महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ वहीं मंडल अध्यक्ष रंगलाल गुर्जर ने बताया कि जयंती के उपलक्ष में रात्रि में विशाल भजन संध्या भी आयोजित हुई जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी वहीं इस अवसर पर अतिथियों का माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया गया इस मौके पर यह कलश यात्रा खिरिया गेट से प्रारंभ होकर रेगरान मोहल्ला सदन बाजार होते हुए श्री देवनारायण मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई इस मौके महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी। समाज के लोग भगवान देवनारायण के जयकारे लगाते हुए व नाचते-गाते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। वहीं इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष रंगलाल गुर्जर, रघुवीर गुर्जर, अमर गुर्जर, रामलाल गुर्जर, रामराज गुर्जर छोटू गुर्जर, प्रधान गुर्जर, शैतान गुर्जर, कालू गुर्जर, दिलखुश गुर्जर व रामकुमार गुर्जर सहित अन्य उपस्थित रहें।

### ग्राम कुशलपुरा में नवजात भ्रूण का शव मिलने से सनसनी फैल गई

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा निकटवर्ती ग्राम कुशालपुरा में नवजात भ्रूण का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुशलपुरा पुलिया के पास भ्रूण फेक कर चले जाने की जानकारी मिली इस पर सहायक उप निरीक्षक भंवरलाल ने मौके पर पहुंचकर भ्रूण को अपने कब्जे में लेकर उप जिला चिकित्सालय पहुंचे एवं पोस्टमार्टम करवा कर उसका अंतिम संस्कार किया। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात महिला कपड़े में लपेटकर पुलिया के पास अर्ध विकसित भ्रूण छोड़ चली गई। कुशलपुरा निवासी कांता को उधर से गुजरते समय भ्रूण दिखाई देने पर उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### श्री प्राज्ञ जैन युवा मंडल की प्रेरणा से मरणोपरांत नेत्रदान

**बिजयनगर, (निसं)।** कमला फैक्ट्री निवासी दिवंगत कमला देवी छाजेड़ के आकस्मिक निधन के पश्चात, श्री प्राज्ञ जैन युवा मंडल बिजयनगर की प्रेरणा से पुत्र -ताराचंद, धर्मी चंद, कमलेश कुमार एवं परिजन बाबूलाल, मुकेशकुमार, सज्जनसिंह, रजनीश, सुबोध, मयंक, मितेश, आयुष छाजेड़ परिवार बिजयनगरकी सहमति से मरणोपरांत नेत्रदान कराया गया। परिवार की इस अनुकरणीय पहल से दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में उजाला भरने का मार्ग प्रशस्त किया है। युवा मंडल ने इस पुनीत कार्य हेतु छाजेड़ परिवार के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।नेत्र उत्सर्जन कार्य जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय, अजमेर की टीम द्वारा डॉ. कुलदीप सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न किया गया। इस दौरान युवा मंडल अध्यक्ष अमित सिसोदिया, मंत्री गौतम श्री श्रीमाल, सुरेन्द्र सिंघवी,अमित लोढ़ा, अनिल भंडारी ,विमल पोखरणा, अजित लोढ़ा, संजय लोढ़ा, राजेंद्र लोढ़ा,पवन लोढ़ा,प्रदीप लोढ़ा,सुदर्शन लोढ़ा, अमित बडोला, नवीन लोढ़ा, अभिषेक कुमठ, प्रशांत बड़जात्या, मनीष पामेचा, हिमांशु अंबानी ,अंकित अरोड़ा उपस्थित रहे।

### भव्य कलश एवं शोभा यात्रा का आयोजन आज

**अजमेर( निसं )।** वन विहार साहू का कुआं, वैशाली नगर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य हिंदू समाज में जागरण, चेतना और सामाजिक एकता को सशक्त करना है। सम्मेलन का आयोजन सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में सनातन धर्म के मूल्यों को सुदृढ़ करने हेतु किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार रविवार को दोपहर 2.30 बजे सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से भव्य कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में महिलाएं लाल चुनरी और साड़ी धारण कर सिर पर कलश लेकर शामिल होंगी। शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़े तथा वाद्य यंत्रों के साथ बैंड की मधुर स्वर लहरियां वातावरण को भक्तिमय बनाएंगी। इस मौके पर धर्मगुरु के रूप में राष्ट्रीय संत कृष्णानंद महाराज उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता यातिका शेखावत करेंगी। संयोजन का दायित्व नीतू शर्मा तथा सह संयोजिका राजश्री गौड़ निभाएंगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेंद्र अरोड़ा होंगे। कलश यात्रा के समापन के पश्चात भजन-कीर्तन, महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। आयोजनकर्ताओं ने क्षेत्र की महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में कलश यात्रा में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया है।

### विधायक कलरू व किसान मोर्चा आमने सामने

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरू व किसान मोर्चा की रविवार को मेड़ता नगरपालिका में खुली चौपाल का आयोजन होगा। मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने बताया कि मेड़ता विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य किए जा चुके हे ओर किसान की बात की जाए तो किसानों को लेकर राजस्थान सरकार के द्वारा कई योजनाएं, अतिवृष्टि में नष्ट फसलों को मुआवजे सहित काफी गावों के किसानों को फायदा मिले इसको लेकर किसानों की नष्ट हुई फसलों के गांवों को अतिवृष्टि क्षेत्रों में चिन्हित कर नष्ट हुई फसलों का मूवायजा साहित कई मांगे किसानों की पूरी की गई। आज जो किसान आंदोलन कर रहे हे उन किसानों का दल आज तक किसी भी मांग को लेकर मेरे से नहीं मिला मुझे जो जो संज्ञान में आया अपने किसान भाइयों को लेकर मैने सरकार के सामने किसानों की मांगो को रखा जो लगभग पूरी हो गई। जो बची हुई किसानों की मांग हे वो सेंटर से पूरी होगी उसको लेकर उच्च स्तर पर वार्ता कर किसानों की जो भी मांग हे उसको पूरा करने का प्रयास किया। पर मेड़ता क्षेत्र के किसान मोर्चा अध्यक्ष सुशील रियाड का बोलना हे मेड़ता विधायक ने किसानों पर आज तक किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया। किसानों द्वारा मेड़ता विधायक पर काफी आरोप लगाए उन आरोपों को लेकर किसान मोर्चा ओर मेड़ता विधायक आमने सामने हो गए जिसको लेकर रविवार को नगरपालिका के सभागार में एक खुली आमसभा आयोजन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर केक काटकर मनाया गया बालिका जन्मोत्सव

■ नवजात बालिकाओं को बेबी किट, माताओं को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**अजमेर, ( निसं )।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से राजकीय महिला चिकित्सालय, अजमेर में बालिका जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 'बेटी बचाओ' संदेश युक्त केक काटकर उत्सव मनाया गया तथा नवजात बालिकाओं और उनकी माताओं का सम्मान किया गया।

इस मौके पर कुल 30 नवजात बालिकाओं को हिमालय बेबी किट वितरित की गई, वहीं उनकी माताओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना और लिंग भेदभाव के विरुद्ध जागरूकता फैलाना रहा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्स्ना रंगा ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है। इसका मुख्य



**अजमेर में बालिका जन्मोत्सव के आयोजन पर 'बेटी बचाओ' संदेश युक्त केक काटकर मनाया गया।**

उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक अपराधों के दुष्परिणामों से आमजन को अवगत कराना और बेटा-बेटी में समानता का संदेश देना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अवैध लिंग जांच पर रोक लगाने के लिए मुखबिर योजना संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति टोल फ्री नंबर 104,108 अथवा व्हाट्सएप नंबर 9799997795 पर सूचना दे सकता है।

राजकीय महिला चिकित्सालय की अधीक्षक डॉ. पूर्णिमा पचौरी ने नारी को देवीतुल्य बताते हुए कहा कि नारी के बिना सृष्टि की कल्पना संभव नहीं है। नारी है तो कल है। उन्होंने सभी माताओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दीं।

जिला कार्यक्रम समन्वयक पीसीपीएनडीटी ओमप्रकाश टेपण ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में डॉ. अजय शर्मा, नर्सिंग अधीक्षक आई.वी. मार्गरेट, मंजू उदयनिया, आशालता विलियम, रवि विलियम, राजकुमार मंडरावलिया सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्रिया योग के नवीन पंचकर्म केंद्र का उद्घाटन

**अजमेर, ( निसं )।** स्वास्थ्य को सर्वोपरि धन मानते हुए आयुर्वेद और योग की प्राचीन परंपराओं को नई दिशा देने के उद्देश्य से शनिवार को अजमेर में श्री संजीवनी क्रिया योग के नवीन पंचकर्म केंद्र का उद्घाटन समारोह पूर्वक हुआ। योग चिकित्सक ऋचा अग्रवाल द्वारा संचालित केंद्र का उद्घाटन एलआईसी कॉलोनी मानसिंह पैलेस के सामने अष्टमी नगर स्थित स्थान पर हुआ। समारोह में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती श्रीवास्तव, अभिलाषा यादव मातृशक्ति क्षेत्रीय, उषा कच्छावा जिला शिक्षा अधिकारी, डॉ. मनोज उप्रेती संस्थापक श्रीसंजीवनी क्रिया योग, रूबी जैन पार्षद, डिम्पल शर्मा पार्षद आदि ने केंद्र के उद्घाटन पर अपनी शुभकामनाएं दी।

# 'राजस्थान बजट से महंगाई नियंत्रण और रोजगार सृजन की अपेक्षा'

■ कांग्रेस नेता डॉ श्रीगोपाल बाहेती ने प्रेस विज्ञिप्त जारी बताया कि प्रदेशवासियों को उम्मीद है कि आगामी बजट महंगाई पर प्रभावी अंकुश लगाएगा तथा रोजगारोन्मुख योजनाओं के माध्यम से राजस्थान के विकास को नई दिशा देगा

**अजमेर( निसं )।** राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला बजट आमजन के लिए आशा और विश्वास का प्रतीक होता है। कांग्रेस नेता डॉ श्रीगोपाल बाहेती ने प्रेस विज्ञिप्त जारी बताया कि प्रदेशवासियों को उम्मीद है कि आगामी बजट महंगाई पर प्रभावी अंकुश लगाएगा तथा रोजगारोन्मुख योजनाओं के माध्यम से राजस्थान के विकास को नई दिशा देगा।

ग्रामीण क्षेत्र, गरीब, किसान और श्रमिक वर्ग बजट से विशेष अपेक्षाएं रखता है। विश्वास जताया गया है कि यह बजट समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला समावेशी बजट होगा।

सरकार से अपेक्षा की गई है कि शिक्षा, चिकित्सा, ग्राम विकास, कृषि, पशुपालन तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि की जाए।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन को कम से कम तीन हजार रुपये प्रतिमाह कर सम्मानजनक जीवन यापन का अवसर प्रदान किया जाए। साथ ही किसान सम्मान निधि में भी वृद्धि की मांग की गई है। सामाजिक सुरक्षा एवं किसान सहायता किसी भी सरकार का मूल दायित्व है।

सरकारी आवभगत एवं अन्य अनावश्यक खर्चों में कटौती कर यदि इन योजनाओं को सुदृढ़ किया जाए तो यह महंगा सौदा नहीं होगा, बल्कि समाज के लिए दूरगामी लाभकारी सिद्ध होगा।

# जिला चिकित्सालय से निकली जागरूकता रैली, सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा ने दिखाई हरी झंडी

**भीलवाड़ा( निसं )।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी राजकीय जिला चिकित्सालय परिसर से बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा व आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज प्राचार्या डॉ0 वर्षा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

इस दौरान अधीक्षक डॉ. वीरेन्द्र, डीपीसी अरूण कुमार पुरोहित, वरिष्ठ सहायक आशीष पंचोली, डीपीसी-पीसीपीएनडीटी रामस्वरूप सेन सहित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, नर्सिंग



**महात्मा गांधी राजकीय जिला चिकित्सालय परिसर से जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।**

विद्यार्थियों सहित अन्य स्वास्थ्य कार्मिकों ने सहभागिता की। जागरूकता रैली में प्रतिभागियों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बालिका सशक्त होगी तो समाज सशक्त होगा जैसे संदेशों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया।

रैली जिला चिकित्सालय परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के मार्गों से होती हुई पुनः परिसर में आकर संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि बालिकाओं का स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित बालिका कल्याण योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से इनका अधिकाधिक लाभ उठाने का आव्हान किया।

## बाल विवाह मुक्त भारत कैंपेन अभियान

**ब्यावर (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान के अनुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार पीएलवी सुलोचना यादव द्वारा के 100 दिन के बाल विवाह मुक्त भारत कैंपेन अभियान के अंतर्गत पर विशेष "जागरूकता कार्यक्रम एवं बालिका दिवस का आयोजनः-राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा मोहल्ला मे किया गया। मुख्य रूप से बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओं राष्ट्रीय अभियान की महत्वपूर्ण विशेषताओं पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

# मीराबाई स्मारक पैनोरमा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**मेड़तासिटी, ( निसं )।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गौरवशाली 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर राजस्थान धरोहर प्राधिकरण द्वारा स्थापित एवं उपखंड स्तरीय पर्यटन विकास समिति मेड़ता द्वारा संचालित भक्त शिरोमणि मीराबाई स्मारक पैनोरमा में शनिवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् सृजन के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में द्वितीय चरण के कार्यक्रम वर्तमान में आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में शनिवार को मीराबाई स्मारक प्रांगण में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मेड़ता शहर के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन किया गया। इस अवसर पर फूलों से एक रंगोली भी बनाई गई। वहीं स्मारक प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत श्रमदान किया गया। स्काउट गाइड प्रभारी प्रज्ञा पारीक, एनएसएस प्रभारी मनीषा डिडेल द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। जिसमें उन्होंने बताया कि इस गीत की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 7 नवम्बर 1875 को प्रथम बार प्रकाशित हुआ तथा 1882 में उनके प्रसिद्ध उपन्यास 'आनन्द मठ में शामिल किया गया। इस अवसर पर एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा, की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मीराबाई स्मारक पैनोरमा प्रबंधक नरेंद्रसिंह जसनगर, मीरा शोध संस्थान के अध्यक्ष श्यामसुंदर सिखवाल, टिकट वितरक दीपक राखेचा, मालकोट दुर्ग के सुरक्षाप्रभारी पांचाराम सैन, धर्माराम बिश्नोई, पारसमल टेलर, एनसीसी कैडेट मोनिका, निशा, दीपा ,मनीष प्रजापत, जितेन्द्र कुमार, गोगाराम सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भारतीय शिक्षाविदों एवं शोधार्थियों ने अपने शोध पत्रों का किया वाचन

■ डॉ सिंगारिया ने बताया कि संगोष्ठी में तीन देशों के भारत के सात राज्यों एवं राजस्थान के 20 से अधिक जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

**ब्यावर (निसं)।** भारत के विभिन्न राज्यों से शिक्षाविदों ने एवं शोधार्थियों ने अपने शोध पत्रों का वाचन किया। शोध पत्रों में भारतीय ज्ञान पद्धित को आधार मानते हुए विकास का ऐसा मॉडल विकसित करने पर बल दिया गया जो आने वाली पीढ़ियों के लिए संधारणीय वातावरण एवं विकसित समाज का निर्माण कर सके। अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर मनोज कुमार बेहरवाल, प्राचार्य सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर एवं विशिष्ट अतिथि सी ए अंकुर गोयल, मुख्य वक्ता प्रोफेसर एस एल शर्मा विभागाध्यक्ष, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रेखा मंडोवरा ने की। अंतरराष्ट्रीय संगोष्टी के समन्वयक डॉ दुष्यंत पारीक ने मंचासीन अतिथियों एवं वक्ताओं का स्वागत अभिवादन किया। डॉ मानक राम सिंगारिया, सह समन्वयक द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की फीडबैक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

जिसमें डॉ सिंगारिया ने बताया कि संगोष्ठी में तीन देशों के भारत के सात राज्यों एवं राजस्थान के 20 से अधिक जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि डॉ मनोज बहरवाल ने अपने उद्बोधन में भारतीय ज्ञान पद्धित को जीवन में अपनाने एवं वामपंथी छद्म विमर्शों से भारतीय समाज को बचाने का आव्हान किया।राजस्थान समाजशास्त्रीय परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर सुशील त्यागी ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बताया कि ब्यावर कॉलेज में राजस्थान का सबसे पुराना समाजशास्त्र विभाग है और भारत में समाजशास्त्रीय अध्ययन की परंपरा सदियों पुरानी रही है।

कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए प्राचार्य डॉ रेखा मंडोवरा ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस महाविद्यालय ने कई उल्लेखनीय कार्य किया यह अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी भी एक महत्वपूर्ण शैक्षिक कदम है, कार्यक्रम की सफलता के लिए संपूर्ण आयोजन समिति की प्रशंसा की।प्रोफेसर सुबोध कुमार, सचिव, राजस्थान समाजशास्त्रीय परिषद ने अपने उद्बोधन में बताया कि ब्यावर में आयोजित संगोष्ठी कई मायनों में अद्वितीय साबित हुई है।धन्यवाद प्रस्ताव आयोजन सचिव डॉ हरीश गुजराती द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ गुजराती ने संगोष्ठी को सफल बनाने में महाविद्यालय संकाय सदस्यों, शोधार्थियों, प्रतिभागियों, अतिथियों, मुख्य वक्ताओं, मंत्रालय कर्मचारीयों एवं अन्य सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## होली महोत्सव सहित भावी कार्यक्रमों पर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

■ राजेंद्र अग्रवाल ने पिछली बैठक की कार्यवाही का पठन किया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया

**अजमेर,( निसं )।** अग्रवाल समाज अजमेर की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को नया ठिकाना, मिराज मॉल के पास आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने की, जिसमें संरक्षक मंडल, पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं क्षेत्रीय सचिव उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ श्री अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संगठन सचिव राजेंद्र अग्रवाल ने पिछली बैठक की कार्यवाही का पठन किया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

बैठक में आगामी 22 फरवरी को होली स्नेह मिलन, फाग महोत्सव एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही समाज की सदस्यता बढ़ाने एवं भावी सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य संरक्षक रमेश चंद अग्रवाल, अशोक पंसारी, हनुमान दयाल बंसल, संरक्षक जवरीलाल बंसल, गिरधर गोपाल गोयल, विनय गुप्ता, स्नेहलता मंगल सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कन्या भ्रूण हत्या एवं कन्या शिक्षा जागरूकता दिवस आयोजित

■ कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में कन्या संरक्षण, बालिका शिक्षा के महत्व तथा लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना रहा

**अजमेर( निसं )।** अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कन्या भ्रूण हत्या एवं कन्या शिक्षा जागरूकता दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में कन्या संरक्षण, बालिका शिक्षा के महत्व तथा लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की शपथ ली। वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक गंभीर सामाजिक अपराध है, जिसे शिक्षा, जागरूकता एवं सामूहिक प्रयासों से ही समाप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक रहने का संकल्प लिया।

## कलश यात्रा और शोभायात्रा को लेकर तैयारी शुरू

**नसीराबाद, ( निसं )।** विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर नगर में तैयारियों ने गति पकड़ ली है। इसी क्रम में देर शाम लादूराम की धर्मशाला में नगर की सातों बस्तियों के प्रमुखों, सहप्रमुखों एवं टोलियों की एक व्यापक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में समिति अध्यक्ष मांगीलाल चौधरी एवं संयोजक सुरेश सांखला ने स्पष्ट किया कि सम्मेलन की सफलता जन-जन की सहभागिता से ही संभव है। इसी उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक हिंदू परिवार तक व्यक्तिगत रूप से पहुंच बनाते हुए पीले चावल एवं कार्यक्रम से संबंधित संपूर्ण जानकारी वाले पत्रक वितरित किए जाएंगे। साथ ही शोभायात्रा एवं समरसता भोज के लिए समाज से सहयोग राशि एकत्र की जाएगी, जिसके लिए आवश्यक सामग्री कार्यकर्ताओं को सौंपी गई।

संयोजक सुरेश सांखला ने कार्यकर्ताओं से आ ान किया कि वे प्रत्येक घर में जाकर सम्मेलन का निमंत्रण दें और महिलाओं से कलश यात्रा में भाग लेने का विशेष आग्रह करें। कलश यात्रा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिससे अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

## ऑनसाइट प्रायोगिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**अजमेर, (निसं)।** निदेशालय जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार अजमेर जिले में जल ग्रहण संरचनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऑनसाइट प्रायोगिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण पंचायत समिति किशनगढ़ के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (जल ग्रहण घटक) के प्रगतिरत अमृत सरोवर मुंदोलाव, ग्राम पंचायत काढ़ा में आयोजित हुआ।

## मुख्यमंत्री की 102 वीं जयन्ती मनाई गई

**ब्यावर (निसं)।** श्री मारू सेन समाज पंचायत बोर्ड संस्था के तत्वाधान में समाज के भवन में कपूरी ठाकुर की 102वीं जयन्ती मनाई गई.।समाज मंत्री ओम प्रकाश सोलीवाल ने जानकारी देकर बताया की प्रातः वन्दे गौ मातरम चिकित्सा गौशाला अजमेर रोड पर (बाईपास) गायों का व बछडों को गुड व हरा चारा खिलाया। जयन्ती पर्व समाज की ओर से स्वास्थ्य जाच एव आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर का निशुल्क आयोजन रखा गया। डा0 सी0मी. सेन की टीम में डाक्टर-प्रिर्ती गुप्ता एवं कम्प्यार-रेखराज ने अपनी सेवायें दी। शिविर कैम्प में 74 महिला एवं पुरुषों की जांच की गई सुगर, एवं बीपी, वेट, वेर, एवं स्वास्थ्य जाँच की गई।मंत्री देवेन्द्र बामैक ने बताया कि केम्प समापन के बाद कपूरी ठाकुर की जमन्त्री पर समाज के अध्यक्ष दिलीप सेन ने बताया।

**NAME CHANGE**

I Paluchani Dastagiri Reddy Father of Army No. 15796553K, Hav, Paluchani Madhava Reddy Residing of Vill & Po:- P Chintakuntla, Tehsil:-Allagadda, District-Nandyal, Andhra Pradesh, Pin-518543 have change my name from Paluchani Dastagiri Reddy to Paluchani Dasthagiri Reddy vide affidavit No. CA479031 dated 24/01/2026 before court campus Nasirabad

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/170607
DATE :- 23.01.2026 रजि बेचान-नामा
सार्वजनिक सूचना
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /11360
दिनांक 23/1/2026

श्रीमती ज्योति जेसवानी पत्नी श्री श्याम सुन्दर जेसवानी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1/ साकेत नगर मिश्रा कॉलोनी नया नगर खसरा नं. 2020, 2027 2028 व 2032 से 2047 प्लाट नं. 21-बी क्षेत्रफल 75.68 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री कृष्णमोहन जोशी पुत्र श्री हरी प्रसाद जोशी व अन्य के नाम पटटा विलेख जारी है। रजि बेचान-नामा दिनांक 21.10.2020, 0904.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नियमन/25-26/2001 **आम सूचना** दिनांक: 23/1/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है श्री राजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री रामलाल शर्मा निवासी सोमानी नगर, सेन्दडा रोड, ब्यावर ने राजस्व ग्राम गोविन्दपुरा के खसरा नं. 77/2/2 व 61/6 में स्थित सोमानी नगर के भूखण्ड संख्या 02 कुल क्षेत्रफल 484.85 वर्गगज भूमि का वाणिज्यक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया गया है। अतः इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिवस के भीतर-भीतर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपति विचारणीय नही होगी। सीमायें (साईट प्लान के अनुसार)

पूर्व : प्लाट नं. 01 पश्चिम : प्लाट नं. 03
उत्तर : प्लाट नं. 24, 25, 26 दक्षिण : रोड सेन्टर से 60 फीट

आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

**कार्यालय नगर निगम अजमेर**

क्रमांक/न.नि.अ./69क/ 2025-26/274 **आपत्ति सूचना** दिनांक: ../1/2026

श्री गिर्जा तनवीर बैग पुत्र श्री मिर्जा अब्दुल करीम बेग निवासी कुन्दन नगर अजमेर प्रस्तावित स्थल कुन्दन नगर अजमेर मे स्थित है जिसका क्षेत्रफल 360.54 वर्गमीटर है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है।

पूर्व :- मिर्जा अब्दुल की सम्पति पश्चिम :- रोड
उत्तर :- रोड दक्षिण :- कुमारी आविदा की सम्पति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति / संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यपर्ण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप / आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप / आपती नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी अधिकारी 69-ए नगर निगम, अजमेर